राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

# पराक्रम दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 22 जनवरी । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस (23 जनवरी) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को शुभकामना दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को महान क्रांतिकारी, देशभक्त एवं राष्ट्रवादी बताते हुए कहा कि उन्होंने अद्‌भुत संगठन क्षमता, अद्वितीय साहस और असाधारण नेतृत्व कौशल से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दिखाई। उन्होंने युवाओं से नेताजी बोस के ओजपूर्ण विचारों से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

-----

# विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण सोमवार को

जयपुर, 22 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र सोमवार 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे पन्द्रहवीं राजस्थान विधान सभा के आठवें सत्र में अभिभाषण देंगे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री श्री शांति धारीवाल, मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा और विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री महावीर प्रसाद शर्मा विधानसभा पहुँचने पर राज्यपाल श्री मिश्र का स्वागत करेंगे।

-----